संख्या-457/2023/1496/22-2-2023-17(167)/2010

प्रेषक,

मदन मोहन,
विशेष सचिव
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

पुलिस महानिदेशक/महानिरीक्षक,
कारागार प्रशासन एवं सुधार सेवायें,
उत्तर प्रदेश, लखनऊ।

कारागार प्रशासन एवं सुधार अनुभाग-2 लखनऊ दिनांक 26 जुलाई, 2023

विषय:- केन्द्रीय कारागार, आगरा में निरूद्ध सिद्धदोष बन्दी पुष्पेन्द्र उर्फ पप्पू पुत्र श्री जगदीश शरण, निवासी जनपद-हाथरस की फार्म-ए के आधार पर समयपूर्व रिहाई के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक अपने पत्र संख्या-5535/प्रोबेशन-3-फार्म-ए/(एम-08.02.2023) दिनांक-20.02.2023 का कृपया संदर्भ ग्रहण करें।

2- आपके उक्त पत्र द्वारा उपलब्ध कराये गये प्रस्तावानुसार केन्द्रीय कारागार, आगरा में निरूद्ध सिद्धदोष बन्दी पुष्पेन्द्र उर्फ पप्पू पुत्र श्री जगदीश शरण, ग्राम-कमराबाग, थाना-मुरसान, जनपद-हाथरस का निवासी है। वादी चन्द्रमोहन सिंह द्वारा धर्मेन्द्र के घर वालो से मकान का हिस्सा खरीदा था, जिसे धर्मेन्द्र सिंह खरीदना चाहता था, इसी बात से धर्मेन्द्र सिंह चन्द्रमोहन से काफी रंजिश मानता था, कुमारी रीता के स्कूल जाते समय अभियुक्त गण छेडखानी करते थे, जिसकी शिकायत करने पर वादी व उसके पुत्र ने नरेन्द्र यादव की पिटाई कर दी, इसी रंजिश मे दिनांक 26/27.05.1994 को बंदी ने 05 सहअभियुक्तों के साथ मिलकर वादी के पिता, पत्नी, लड़का, भतीजा व भतीजी कुमारी रीता सहित 05 लोगो की हत्या कर दी। उक्त अपराध हेतु बन्दी को सत्र परीक्षण संख्या-1314/1994 में भा0द0वि0 की धारा-148, 302 के अन्तर्गत मा0 विशेष न्यायाधीश/अपर सत्र न्यायाधीश, (आ0व0अधि0) अलीगढ़ के आदेश दिनांक 05.12.1995 द्वारा आजीवन कारावास से दण्डित किया गया, जिसे मा0 उच्च न्यायालय इलाहाबाद के आदेश दिनांक 19.08.1997 द्वारा उक्त सजा को यथावत रखा गया। बन्दी द्वारा दिनांक 13.02.2021 तक अपरिहार 26 वर्ष 02 माह 26 दिन तथा सपरिहार 34 वर्ष 05 माह 24 दिन की सजा भोगी गयी है। जिला प्रोबेशन अधिकारी, पुलिस अधीक्षक एवं जिला मजिस्ट्रेट, हाथरस द्वारा मा0 उच्चतम न्यायालय द्वारा निर्दिष्ट 05 बिन्दुओं की आख्या में बन्दी द्वारा कारित अपराध सीमित अपराध की श्रेणी में नहीं होने, बन्दी मानसिक अपराधी प्रकृति का है इसलिए भविष्य में अपराध किये जाने का अंकन करते हुए बन्दी की समयपूर्व रिहाई की संस्तुति नहीं की गयी है।

प्रोबेशन बोर्ड का अभिमत है कि बन्दी ने पूर्व की रंजिश में दिनांक 26/27.05.1994 को 05 सहअभियुक्तों के साथ मिलकर वादी के पिता, पत्नी, लड़का, भतीजा व भतीजी कुमारी रीता सहित 05 लोगो की हत्या करने का जघन्य अपराध कारित किया गया है। इस तरह के अपराधियों की समयपूर्व रिहाई से समाज में न्यायिक प्रणाली के बारे में विपरीत संदेश जायेगा। बन्दी का अपराध समाज को प्रभावित करने, भविष्य में अपराध करने का अवसर होने का अंकन जनपदीय अधिकारियों द्वारा निर्दिष्ट 05 बिन्दुओं की आख्या में किया गया है। इस प्रकार बन्दी द्वारा किये गये अपराध की गंभीरता एवं जघन्यता, जिला प्रोबेशन अधिकारी, पुलिस अधीक्षक एवं जिला मजिस्ट्रेट द्वारा निर्दिष्ट 05 बिन्दुओं की आख्या में किया गया है। इस प्रकार बन्दी द्वारा किये गये अपराध की गम्भीरता एवं जघन्यता, जिला प्रोबेशन अधिकारी, पुलिस अधीक्षक एवं जिला मजिस्ट्रेट द्वारा निर्दिष्ट 05 बिन्दुओं की आख्या में समयपूर्व रिहाई का विरोध किये जाने के दृष्टिगत प्रिजनर्स रिलीज ऑन प्रोबेशन एक्ट-1938 की धारा-2 के अन्तर्गत सिद्धदोष बंदी पुष्पेन्द्र उर्फ पप्पू पुत्र श्री जगदीश शरण को फार्म-ए/लाईसेंस के आधार पर रिहा किये जाने की संस्तुति नहीं की गयी है।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.gov.in

3- अतः उपरोक्त वर्णित तथ्यों के परिप्रेक्ष्य में मुझे यह सूचित करने का निदेश हुआ है कि केन्द्रीय कारागार, आगरा में निरूद्ध सिद्धदोष बन्दी पुष्पेन्द्र उर्फ पप्पू (बन्दी संख्या-14931) पुत्र श्री जगदीश शरण, निवासी जनपद-हाथरस के फार्म-ए/लाइसेंस पर यू0पी0 प्रिजनर्स रिलीज आंन प्रोबेशन एक्ट,1938 की धारा-2 के प्राविधानों के अन्तर्गत सम्यक् विचारोपरान्त उसे मुक्ति का पात्र नहीं पाया गया है। अतएव उक्त बन्दी की लाइसेन्स पर मुक्ति राज्यपाल महोदया द्वारा अस्वीकार कर दी गयी है। तदनुसार उसके फार्म-ए पर शासन के आदेश अंकित करके एतद्द्वारा वापस लौटाया जा रहा है। कृपया प्राप्ति स्वीकार करते हुए शासन के निर्णय से बन्दी को तत्काल अवगत कराने का कष्ट करें।

संलग्नकः यथोपरि।

(बन्दी का फार्म-ए एवं समस्त पत्रादि सहित)

भवदीय,
मदन मोहन
विशेष सचिव।

संख्या-457/2023/1496(1)/22-2-2023 तद्दिनांक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः-

1- जिला मजिस्ट्रेट, हाथरस।
2- वरिष्ठ अधीक्षक, केन्द्रीय कारागार, आगरा।
3- नोडल अधिकारी/अधीक्षक, जिला कारागार, गाजियाबाद को रिट याचिका (क्रि0) सं0-336/2019 रशीदुल जफर उर्फ छोटा बनाम उत्तर प्रदेश राज्य व अन्य में मा0 उच्चतम न्यायालय, नई दिल्ली द्वारा पारित आदेश दिनांक 06.09.2022 के सन्दर्भ में।
4- निजी सचिव, मा0 राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार), कारागार प्रशासन एवं सुधार विभाग, उ0प्र0 शासन को मा0 मंत्री जी को सूचनार्थ।
5- निजी सचिव, मा0 राज्य मंत्री, कारागार प्रशासन एवं सुधार विभाग, उ0प्र0 शासन को मा0 मंत्री जी को सूचनार्थ।
6- गार्ड फाईल।

आज्ञा से,
अजय कुमार तिवारी
अनु सचिव।

http://shasanadesh.up.gov.in

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।

शासनादेश संख्या-457/2023/1496/22-2-2023-17(167)/2010

दिनांक 26 जुलाई, 2023 का संलग्नक

सरकार के आदेश

केन्द्रीय कारागार, आगरा में निरूद्ध सिद्धदोष बन्दी पुष्पेन्द्र उर्फ पप्पू पुत्र श्री जगदीश शरण, ग्राम-कमराबाग, थाना-मुरसान, जनपद-हाथरस का निवासी है। वादी चन्द्रमोहन सिंह द्वारा धर्मेन्द्र के घर वालो से मकान का हिस्सा खरीदा था, जिसे धर्मेन्द्र सिंह खरीदना चाहता था, इसी बात से धर्मेन्द्र सिंह चन्द्रमोहन से काफी रंजिश मानता था, कुमारी रीता के स्कूल जाते समय अभियुक्त गण छेडखानी करते थे, जिसकी शिकायत करने पर वादी व उसके पुत्र ने नरेन्द्र यादव की पिटाई कर दी, इसी रंजिश मे दिनांक 26/27.05.1994 को बंदी ने 05 सहअभियुक्तों के साथ मिलकर वादी के पिता, पत्नी, लड़का, भतीजा व भतीजी कुमारी रीता सहित 05 लोगो की हत्या कर दी। उक्त अपराध हेतु बन्दी को सत्र परीक्षण संख्या-1314/1994 में भा0द0वि0 की धारा-148, 302 के अन्तर्गत मा0 विशेष न्यायाधीश/अपर सत्र न्यायाधीश, (आ0व0अधि0) अलीगढ़ के आदेश दिनांक 05.12.1995 द्वारा आजीवन कारावास से दण्डित किया गया, जिसे मा0 उच्च न्यायालय इलाहाबाद के आदेश दिनांक 19.08.1997 द्वारा उक्त सजा को यथावत रखा गया। बन्दी द्वारा दिनांक 13.02.2021 तक अपरिहार 26 वर्ष 02 माह 26 दिन तथा सपरिहार 34 वर्ष 05 माह 24 दिन की सजा भोगी गयी है। जिला प्रोबेशन अधिकारी, पुलिस अधीक्षक एवं जिला मजिस्ट्रेट, हाथरस द्वारा मा0 उच्चतम न्यायालय द्वारा निर्दिष्ट 05 बिन्दुओं की आख्या में बन्दी द्वारा कारित अपराध सीमित अपराध की श्रेणी में नहीं होने, बन्दी मानसिक अपराधी प्रकृति का है इसलिए भविष्य में अपराध किये जाने का अंकन करते हुए बन्दी की समयपूर्व रिहाई की संस्तुति नहीं की गयी है।

प्रोबेशन बोर्ड का अभिमत है कि बन्दी ने पूर्व की रंजिश में दिनांक 26/27.05.1994 को 05 सहअभियुक्तों के साथ मिलकर वादी के पिता, पत्नी, लड़का, भतीजा व भतीजी कुमारी रीता सहित 05 लोगो की हत्या करने का जघन्य अपराध कारित किया गया है। इस तरह के अपराधियों की समयपूर्व रिहाई से समाज में न्यायिक प्रणाली के बारे में विपरीत संदेश जायेगा। बन्दी का अपराध समाज को प्रभावित करने, भविष्य में अपराध करने का अवसर होने का अंकन जनपदीय अधिकारियों द्वारा निर्दिष्ट 05 बिन्दुओं की आख्या में किया गया है। इस प्रकार बन्दी द्वारा किये गये अपराध की गंभीरता एवं जघन्यता, जिला प्रोबेशन अधिकारी, पुलिस अधीक्षक एवं जिला मजिस्ट्रेट द्वारा निर्दिष्ट 05 बिन्दुओं की आख्या में किया गया है। इस प्रकार बन्दी द्वारा किये गये अपराध की गम्भीरता एवं जघन्यता, जिला प्रोबेशन अधिकारी, पुलिस अधीक्षक एवं जिला मजिस्ट्रेट द्वारा निर्दिष्ट 05 बिन्दुओं की आख्या में समयपूर्व रिहाई का विरोध किये जाने के दृष्टिगत प्रिजनर्स रिलीज ऑन प्रोबेशन एक्ट-1938 की धारा-2 के अन्तर्गत सिद्धदोष बंदी पुष्पेन्द्र उर्फ पप्पू पुत्र श्री जगदीश शरण को फार्म-ए/लाईसेंस के आधार पर रिहा किये जाने की संस्तुति नहीं की गयी है।

उक्त के दृष्टिगत सम्यक् विचारोपरान्त राज्यपाल महोदया द्वारा बंदी की फार्म-ए के आधार पर समयपूर्व रिहाई अस्वीकार कर दी गयी है।

मदन मोहन

विशेष सचिव।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.gov.in